नेविगेट करने में आसान

संहिता के अब 10 स्पष्ट अनुभाग हैं:

1. संहिता कैसे काम करती है
2. आपका बैंकिंग संबंध
3. एकाउंट खोलना और हमारी बैंकिंग सेवाएँ का प्रयोग करना
4. समावेशी और सुलभ बैंकिंग
5. जब आप लोन (ऋण) के लिए आवेदन करते/करती हैं
6. लघु व्यापार को उधार देना
7. लोन (ऋण) की गारंटी देना
8. आपके एकाउंट का प्रबंध करना
9. कुछ गलत होने की स्थिति में
10. आपकी शिकायत का समाधान करना

बैंकिंग में परिवर्तन

नई बैंकिंग संहिता के अतिरिक्त, ऑस्ट्रेलियाई बैंक उपभोक्ता सेवा में सुधार करने और विश्वास वापिस जीतने के लिए अन्य परिवर्तन कर रहे हैं, जिनमें शामिल हैं:

- रिटेल बैंक स्टॉफ को अब उत्पाद की बिक्री पर कमीशन का भुगतान न करना
- बैंकों में समर्पित उपभोक्ता पक्षसमर्थकों की उपस्थिति ताकि कुछ गलत होने की स्थिति में उपभोक्ताओं के लिए स्थितियों में सुधार करना
- मुखबिरों के लिए बेहतर संरक्षण और समर्थन, और
- मोर्गेज ब्रोकरों का बेहतर आचरण और निरीक्षण।

ऑस्ट्रेलियन बैंकिंग एसोसिएशन

डाक PO Box H218
Australia Square NSW 1215

टेलीफोन 02 8298 0417

ई-मेल reception@ausbanking.org.au

वेबसाइट www.ausbanking.org.au

नई बैंकिंग कार्य-संहिता

1 जुलाई 2019 से शुरू

Australian Banking Association

Hindi

नई बैंकिंग कार्य-संहिता क्या है?

नई बैंकिंग संहिता प्रवर्तनयोग्य मानकों का एक समूह है जिसकी प्रत्याशा **उपभोक्ता**, **लघु व्यापार**, और उनके **गांरटर** ऑस्ट्रेलियाई बैंकों से कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई बैंकों ने समुदाय की प्रत्याशाओं को बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए अपनी कार्य-सहिंता को पूरी तरह से दोबारा लिखा है।

यह नई संहिता अब तक की सबसे सुदृढ़ संहिता है। यह अधिक स्पष्ट है, समझने में अधिक आसान है और बैंक के सभी उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षा प्रदान करती है:

उपभोक्ता

- सादी-अंग्रेज़ी में उपभोक्ता के लिए अनुकूल संहिता जो उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों और दायित्वों को समझने में सहायता देती है।
- उपभोक्ताओं को डॉयरेक्ट डेबिट और आवर्ती भुगतानों की सूचियाँ दी जाती हैं, जिससे बैंक बदलने में आसानी होती है।
- ट्रांसेक्शन फीस के लगने से पहले इनके बारे में नोटिस दिया जाएगा।
- बैंक उन उपभोक्ताओं को बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते समय अधिक ध्यान देंगे जो असुरक्षा का सामना कर रहे हों।
- गांरटरों के लिए बेहतर सुरक्षा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपने दायित्व समझते हैं, इसमें कूलिंग-ऑफ पीरियड शामिल है।
- गांरटरों को उधार लेने वाले व्यक्ति की परिस्थितियों में बदलाव होने की सूचना दी जाएगी, इसमें उनके द्वारा किसी वित्तीय कठिनाई का सामना करने की परिस्थिति शामिल है।

सामान्य, कम या शून्य शुल्क वाले एकाउंट्स

बैंक उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार के किफायती बैंकिंग उत्पाद उपलब्ध कराते हैं:

- इनमें सामान्य, कम या शून्य शुल्क वाले बैंक एकाउंट्स शामिल हैं।
- हो सकता है कि आप पात्र हों –आज ही अपने बैंक से पूछें।

अधिक दृढ़ प्रवर्तन और अनुपालन

नई बैंकिंग संहिता ASIC द्वारा अनुमोदित की गई पहली औद्योगिक संहिता है:

- स्वतंत्र बैंकिंग संहिता अनुपालन समिति *(Banking Code Compliance Committee - BCCC)* संहिता के कथित उल्लंघनों की जांच करेगी।
- BCCC औपचारिक तौर पर बैंक को चेतावनी दे सकती है, गंभीर उल्लंघनाओं को ठीक करना या सुधारात्मक कार्यवाही करना आवश्यक बना सकती है, बैंक के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक बना सकती है, और गंभीर, प्रणालीगत तथा निरंतर मामलों की सूचना ASIC को दे सकती है।
- संहिता ग्राहकों के लिए अनिवार्य है और इसका प्रयोग ऑस्ट्रेलियाई वित्तीय शिकायत प्राधिकरण *(Australian Financial Complaints Authority)* द्वारा पूरे बैंकिंग उद्योग में एक मानदण्ड के तौर पर किया जाता है।

क्रेडिट कार्ड

नई बैंकिंग संहिता आपके क्रेडिट कार्ड का प्रबंध करना आसान बनाती है:

- क्रेडिट कार्ड की शुरूआती पेशकश के समाप्त होने की अवधि के पास बैंक उपभोक्ताओं को इसका स्मरण कराएँगे।
- क्रेडिट सीमाओं को बढ़ाने के लिए अब अनचाहे प्रस्ताव नहीं।
- उपभोक्ता अपनी क्रेडिट सीमाएँ कम कर सकते हैं या ऑनलाइन अपने कार्ड एकाउंट्स बंद कर सकते हैं।

लघु व्यापार

नई बैंकिंग संहिता लघु व्यापारों के लिए बैंकिंग करना आसान बनाती है:

- सरलीकृत लोन कांट्रेक्ट जिनमें $3 मिलियन के कुल लोन से कम लोन के लिए कम शर्तें हों।
- लोन संबंधी परिस्थितियों के बदलने पर अधिक लंबी नोटिस अवधियाँ प्रदान करना।
- वैल्यूर (मूल्य-निर्धारकों) और दिवालियापन व्यवसायियों का प्रयोग करते समय बेहतर संचार और पारदर्शिता।